(20)

# महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

क्रमांक : एफ.20 (6) दीक्षान्त / मदसविवि / 2023 / दिनांकः

समस्त प्रबंध मण्डल सदस्य
समस्त विद्या परिषद सदस्य
समस्त विभागाध्यक्ष
महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

**विषय : दशम् दीक्षान्त समारोह 2023**

महोदय / महोदया,

आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि विश्वविद्यालय द्वारा दशम् दीक्षान्त समारोह बुधवार **दिनांक 15 फरवरी 2023 को विश्वविद्यालय परिसर में सत्यार्थ सभागार** में आयोजित किया जा रहा है । इस दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होने के लिये प्रबन्ध बोर्ड, विद्या परिषद के सदस्यों, विभिन्न संकायों के संकाय अध्यक्षों, शिक्षकगण, अधिकारीगण तथा पीएच.डी. उपाधि धारकों व विभिन्न परीक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पाने वाले छात्र / छात्राओं को दीक्षान्त समारोह के समय उपस्थित होने के लिये अधिसूचना जारी की जा चुकी है । आपसे अनुरोध है कि दीक्षान्त समारोह में परिनियमों के अनुसार निर्धारित निम्न पोशाक (जो स्वयं की होगी) पहनकर रिहर्सल हेतु दिनांक 14 फरवरी 2023 अपराह्न 3.00 बजे एवं दिनांक 15.02.2023 को समारोह में सम्मिलित होने का कष्ट करें।

**पोशाक**

| | |
|---|---|
| **1. पुरूषों के लिये** | **ऑफ व्हाईट जोधपुरी सूट / साफा तथा काले जूते** |
| **2. महिलाओं के लिये** | **लाल किनारी की ऑफ व्हाईट साड़ी और ब्लाउज एवं काले सैंडल / स्लिपर** |

**नोट– दीक्षांत समारोह के समय हेतु दिनांक 14 फरवरी ,2023 को रिहर्सल में सूचित किया जायेगा।**

**भवदीय,**

**कुल सचिव**

क्रमांक : एफ.20 (6) दीक्षान्त / मदसविवि / 2023 / 865 दिनांक 8-2-23
प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. वैब एडमिनिस्ट्रेटर को भेज कर लेख है कि यह आमंत्रण पत्र विश्वविद्यालय की वैबसाईट पर अपलोड करवाने का श्रम करें।

Reced 09/02/23

**उपकुलसचिव (दीक्षान्त)**
08/02/23.